छोटे से मंदिर में बाबा करता बड़ा कमाल है लिरिक्स

छोटे से मंदिर में बाबा,
करता बड़ा कमाल है,
जो आया मालामाल है,
नैनवा निहाल है,
छोटे से मंदिर मे बाबा,
करता बड़ा कमाल है।bd।

एक बार जो आया दर पे,
देखो उसकी बगिया में,
बिन पानी के हरी भरी है,
श्याम सुन्दर की छैया में,
देख तो ले तू शीश नवा के,
सेठ बने कंगाल है,
जो आया मालामाल है,
नैनवा निहाल है,
छोटे से मंदिर मे बाबा,
करता बड़ा कमाल है।bd।

जबसे देखि छवि जो इसकी,
नैन झपकना भूल गए,
जीवन में जो शूल थे चुभते,
अब खिलके हैं फूल हुए,
सोलह सुखों का दाता जब है,
भटके क्यों बदहाल है,
जो आया मालामाल है,
नैनवा निहाल है,
छोटे से मंदिर मे बाबा,
करता बड़ा कमाल है।bd।

मेरा मन अब मेरा नहीं,
तेरा दर अब तेरा नहीं,
तू मेरे मन का है मालिक,
नौकर का अब डेरा यहीं,
'राजू' जिसका श्याम सहारा,
उससे बड़ी क्या ढाल है,
जो आया मालामाल है,
नैनवा निहाल है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

छोटे से मंदिर मे बाबा,
करता बड़ा कमाल है।bd।

छोटे से मंदिर में बाबा,
करता बड़ा कमाल है,
जो आया मालामाल है,
नैनवा निहाल है,
छोटे से मंदिर मे बाबा,
करता बड़ा कमाल है।bd।

Singer – Rajendera Agarwal

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com